# California आम चुनाव मंगलवार

# 08 नवम्बर 2016

**चुनाव वाले दिन मतदान सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा!**



## ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★ आधिकारिक मतदाता जानकारी मार्गदर्शिका ★ ★ ★ ★ ★ ★ ★

इस त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका में 8 नवंबर 2016 के मतपत्र पर आने वाले प्रत्येक राज्य प्रस्ताव के लिए सार और संपर्क जानकारी शामिल है।

- चुनाव वाले दिन मतदान सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
- मतदान करने के तरीके के संबंध में निर्देश किसी मतदान कर्मचारी या आपकी नमूना मतपत्र पुस्तिका पढ़कर प्राप्त किए जा सकते हैं।
- नए मतदाताओं से संघीय कानून के अनुसार पहचान या अन्य दस्तावेज़ प्रदान करने के लिए कहा जा सकता है। आपके पास अनंतिम मतदान करने का अधिकार है, भले ही आप दस्तावेज प्रदान नहीं करते।
- केवल पात्र मतदाता मतदान कर सकते हैं।
- मतदान उपकरण से छेड़छाड़ करना कानून के विरुद्ध है।

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 51 विद्यालय बांड। K-12 विद्यालय एवं सामुदायिक महाविद्यालय सुविधाओं के लिए वित्तपोषण। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

K-12 सार्वजनिक विद्यालय सुविधाओं; चार्टर विद्यालयों और व्यावसायिक शिक्षा सुविधाओं; और केलिफ़ोर्निया सामुदायिक महाविद्यालय सुविधाओं के नव-निर्माण तथा आधुनिकीकरण के लिए सामान्य दायित्व बांडों में $9 अरब प्राधिकृत करता है। वित्तीय प्रभाव: बांडों के मूलधन ($9 अरब) और उन पर ब्याज ($8.6 अरब), दोनों के भुगतान के लिए लगभग $17.6 अरब की राज्य पर लागत। त । 35 वर्षों तक लगभग $500 मिलियन प्रतिवर्ष के भुगतान ।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: शिक्षा सुविधाओं ($7 बिलियन K–12 पब्लिक स्कूल के लिए और $2 बिलियन कम्युनिटी कॉलेज सुविधाओं) के लिए सामान्य दायित्व बॉन्ड में राज्य द्वारा $9 बिलियन की बिक्री की जा सकती है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: राज्य के पास K–12 पब्लिक स्कूल और कम्युनिटी कॉलेज सुविधाओं के लिए नए सामान्य दायित्व बॉन्ड बेचने का अधिकार नहीं होगा।

### तर्क

**पक्ष** हमारे बच्चे सुरक्षित स्कूलों के हकदार हैं जहां वे सुचारू शिक्षा ग्रहण सकें लेकिन बहुत से स्कूल और कम्युनिटी कॉलेजों को स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन करना होगा। प्रस्ताव 51 बिगड़ती दशा वाले स्कूलों को ठीक करेगा, क्लासरूमों की स्थिति सुधारेगा, और अनुभवी शिक्षकों के कार्य-प्रशिक्षण सुविधाएं और व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराएगा। सभी परियोजनाएं स्थानीय करदाताओं के प्रति जिम्मेदार हैं।

**विपक्ष** प्रस्ताव 51 को लालची डेवलपर्स के लिए तैयार किया गया है जिससे वे अपने लाभ के लिए करदाताओं का शोषण कर सकें। प्रस्ताव 51 विधायकों को स्कूलों के लिए निष्पक्ष निधिकरण मुहैया करने से रोकता है। कम संसाधन वाले स्कूल पीछे छूट जाते हैं। करदाताओं के दायित्व में कोई सुधार नहीं किया गया है। बरबादी, जालसाजी और दुर्व्यवहार से निबटने के लिए यह कुछ नहीं करता। गवर्नर Brown ने प्रस्ताव 51 का विरोध किया है। प्रस्ताव 51 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Yes on Proposition 51—
Californians for Quality Schools
info@californiansforqualityschools.com
www.californiansforqualityschools.com

**विरुद्ध**

G. Rick Marshall, Chief Financial Officer
California Taxpayers Action Network
621 Del Mar Avenue
Chula Vista, CA 91910
(310) 346-7425
rick@StopProp51.org
StopProp51.org

## प्रस्ताव 52 MEDI-CAL अस्पताल शुल्क कार्यक्रम। पहल सांविधानिक संशोधन एवं संविधि (कानून)।

### सारांश

Medi-Cal स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, गैर-बीमित रोगियों की देखभाल, और बच्चों की स्वास्थ्य कवरेज के वित्तपोषण के लिए अस्पतालों पर शुल्क अधिरोपित करने वाली एक मौजूदा संविधि (कानून) को अनिश्चितकाल तकविस्तृत करता है। वित्तीय प्रभाव: अनिश्चित वित्तीय प्रभाव, जो अपेक्षाकृत निम्न प्रभव से लेकर लगभग $1 अरब की वार्षिक सामान्य कोष बचत एवं सार्वजनिक अस्पतालों के वित्तपोषण में प्रतिवर्ष लगभग कई सौ मिलियन डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: ज्यादातर निजी अस्पतालों पर आरोपित एक मौजूदा शुल्क को, जिसे मौजूदा कानून के तहत 1 जनवरी 2018 को समाप्त हो जाना है, स्थायी रूप से विस्तारित कर दिया जाएगा। विधानमंडल के लिए इसमें बदलाव करना मुश्किल होगा। जुटाया गया राजस्व राज्य की बचत के सृजन, निम्न आय-वर्ग के California वासियों के लिए अस्पताल सेवाओं को भुगतान में वृद्धि तथा सार्वजनिक अस्पतालों को अनुदान हेतु प्रयुक्त होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: ज्यादातर निजी अस्पतालों पर आरोपित एक मौजूदा शुल्क को यदि विधानमंडल द्वारा विस्तार नहीं दिया गया तो वह 1 जनवरी 2018 को समाप्त हो जाएगा।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 52 पर हां करने से मौजूदा राज्य Medi-Cal अस्पताल शुल्क कार्यक्रम का विस्तार होगा जो सालाना $3 बिलियन से अधिक की संघीय समतुल्य निधियों की उगाही करेगा, जिससे बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और निम्न आय-वर्ग के परिवारों की स्वास्थ्य सेवा पर खर्च किया जाएगा। प्रस्ताव 52 विधानमंडल को बिना मतदाताओं की अनुमति लिए इन राशियों किसी अन्य उद्देश्य के लिए मोड़ने से रोकता है।

**विपक्ष** करदाताओं की $3 बिलियन की राशि के प्रति पूरी जवाबदेही और निगरानी को हटाता है। अस्पताल के सीईओ को $3 बिलियन देता है जिसका कोई स्वतंत्र ऑडिट नहीं होता और यह भी जरूरी नहीं कि यह धन स्वास्थ्य सेवा पर खर्च हो। सार्वजजिक निधि को लॉबीस्टों पर, अस्पतालों के नौकरशाहों के अनुलाभ और वेतन पर खर्च किया जा सकता है, बजाए बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों पर खर्च करने के।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Yes on Proposition 52, a coalition of California Association of Hospitals and Health Systems and non-profit health care organizations.
info@yesprop52.org
www.yesprop52.org

**विरुद्ध**

George M. Yin
Californians for Hospital Accountabilty and Quality Care— No on 52, Sponsored by Service Employees International Union—United Healthcare Workers West
777 S. Figueroa Street, Suite 4050, Los Angeles, CA 90017
(213) 452-6565
gyin@kaufmanlegalgroup.com
www.noon52.com

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 53 राजस्व बांड। राज्यव्यापी मतदाता अनुमोदन। पहल सांविधानिक संशोधन।

### सारांश

यदि बांड राशि $2 अरब से अधिक है तो कुछ परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा किसी भी बांड को जारी किए जाने या बेचे जाने से पहले राज्यव्यापी मतदाता अनुमोदन आवश्यक करता है। वित्तीय प्रभाव: राज्य एवं स्थानीय वित्तीय प्रभाव अज्ञात हैं और वे इस बात पर निर्भर करेंगे कि कौन-सी परियोजनाएं इस उपाय द्वारा प्रभावित होती हैं और उपाय की मतदान की आवश्यकता की प्रतिक्रिया में सरकारी एजेंसियां और मतदाता क्या कार्यवाही करते हैं।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: राज्य द्वारा निधिकृत, स्वामित्व प्राप्त, प्रचालित, या प्रबंधित कुल $2 बिलियन से अधिक मूल्य की परियोजना के लिए राजकीय राजस्व बॉन्ड्स बेचे जाने के लिए मतदाताओं के अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: राजकीय राजस्व बॉन्ड्स को मतदाता की मंजूरी के बिना जारी रखा जा सकता है।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 53 के राजकीय राजस्व बॉन्ड्स में $2 बिलियन डॉलर से अधिक की विशाल राजकीय परियोजनाओं के लिए मतदाताओं का अनुमोदन आवश्यक है—जैसे कि बुलेट ट्रेन। स्थानीय परियोजनाओं को प्रभावित नहीं करता। पारदर्शिता को बढ़ाता है ताकि करदाताओं को वास्तविक लागत की जानकारी हो। राजनेताओं को उत्तरदायी ठहराता है और खाली चेकों को रोकता है। यदि करदाताओं को भुगतान करना पड़ता है, तो उनकी राय भी शामिल होनी चाहिए!

**विपक्ष** प्रस्ताव 53 कुछ स्थानीय परियोजनाओं पर राज्यव्यापी मत की मांग करके स्थानीय नियंत्रण को समाप्त करता है। दूर-दराज के मतदाताओं को आपके समुदाय की जरूरतों को नकारने की शक्ति प्रदान करता है। प्रस्ताव 53 जलापूर्ति, पुलों की सुरक्षा, अन्य मरम्मत कार्यों को बाधित करता है। आपातकालीन स्थितियों/आपदाओं के लिए कोई छूट नहीं। California के पेशेवर अग्निशमनकर्मी, शहर, काउंटियां, एसोसिएशन ऑफ California वाटर एजेंसी द्वारा अनुरोध किया जाता है कि प्रस्ताव 53 पर ना कहें। www.NoProp53.com

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Yes on 53—Stop Blank Checks
925 University Ave.
Sacramento, CA 95825
(916) 500-7040
Info@StopBlankChecks.com
www.YESon53.com

**विरुद्ध**

No on Prop. 53—Californias to Protect Local Control
info@NoProp53.com
NoProp53.com

## प्रस्ताव 54 विधायिका। विधान एवं कार्यवाहियां। पहल सांविधानिक संशोधन एवं संविधि (कानून)।

### सारांश

विधायिका को कोई भी विधेयक पारित करने से तब तक निषिद्ध करता है जब तक कि मतदान के 72 घंटे पहले उसे इंटरनेट पर प्रकाशित न कर दिया जाए। विधायिका के लिए उसकी कार्यवाही रिकॉर्ड करना एवं उन्हें इंटरनेट पर पोस्ट करना आवश्यक है। रिकार्डिंग के उपयोग को प्राधिकृत करता है। वित्तीय प्रभाव: विधायी बैठकों को रिकॉर्ड करने और उन बैठकों के वीडियो इंटरनेट पर उपलब्ध कराने के लिए $1 मिलियन से $2 मिलियन की एक -बार की लागत एवं लगभग $1 मिलियन प्रतिवर्ष की मौजूदा लागत।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: तो कोई भी विधेयक (विधेयक में परिवर्तनों सहित) विधायकों को उपलब्ध कराया जाना होगा तथा विधानमंडल द्वारा इसे पारित किए जा सकने से कम-से-कम 72 घंटे पहले इंटरनेट पर पोस्ट किया जाना होगा। विधानमंडल को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसकी सार्वजनिक बैठकों का रिकॉर्ड रखा जाए और इंटरनेट पर उन बैठकों के वीडियो जारी किए जाएं।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: विधानमंडल के नियमों और कर्तव्यों में कोई बदलाव नहीं होगा।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 54 विशेष हितों वाले, *सर्प्राइज* विधायन को *बिना 72 घंटों* की समीक्षा के किसी भी सदन से पारित करने से रोकता है। प्रस्ताव 54 *सभी* विधानमंडलीय सार्वजनिक बैठकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराता है जिससे मतदाता विधायकों की सार्वजनिक गतिविधियों की समीक्षा कर सकते हैं। अच्छी सरकार, करदाताओं, अल्पसंख्यकों, व्यवसायियों और पर्यावरण समूहों का एक द्विदलीय गठबंधन प्रस्ताव 54 का समर्थन करता है। किसी नई कर राशि की आवश्यकता नहीं।

**विपक्ष** ना में मतदान करने से California के नागरिक मुफ्त में इंटरनेट और टीवी पर यह देखना जारी रखेंगे कि कानून बनने की प्रक्रिया कैसी होती है। ना में मतदान करने से विशेष हितों जैसे तंबाकू, तेल और ड्रग्स कंपनियों को राज्य के कानून में रोड़े अटकाने से भी रोका जा सकेगा। ना में मतदान करने से राजनैतिक "आक्रमण" वाले विज्ञापनों पर रोक लगेगी।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Yes on 54—Voters First, Not Special Interests, Sponsored by Hold Politicians Accountable
1215 K Street, Suite 2260
Sacramento, CA 95814
(916) 325-0056
info@YesProp54.org
www.YesProp54.org

**विरुद्ध**

Steven Maviglio
Californians for an Effective Legislature
1005 12th St., Suite A
Sacramento, CA 95814
(916) 607-8340
steven.maviglio@gmail.com
www.NoOnProposition54.com

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 55 शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण के लिए कर-विस्तार। पहल सांविधानिक संशोधन।

### सारांश

$250,000 से अधिक की आय पर वर्ष 2012 में अधिनियमित अस्थायी व्यक्तिगत आय कर वृद्धि को, राजस्व के K–12 विद्यालयों, केलिफ़ोर्निया सामुदायिक महाविद्यालयों, और, कुछ वर्षों में, स्वास्थ्य देखभाल के लिए आवंटन के साथ, बारह वर्षों तक बढ़ता है। वित्तीय प्रभाव: राज्य के राजस्व में—$4 अरब से $9 अरब प्रतिवर्ष 2019–2030 तक की वृद्धि—जो अर्थव्यवस्था एवं शेयर बाजार पर निर्भर करेगी। विद्यालयों, सामुदायिक महाविद्यालयों, निम्न आय वाले लोगों हेतु स्वास्थ्य देखभाल के वित्तपोषण, बजट आरक्षित निधियों और ऋण भुगतान में वृद्धि।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: उच्च आय वाले करदाताओं के ऊपर आयकर में वृद्धि जिसे 2018 के बाद में समाप्त हो जाना है, को अब 2030 तक बढ़ा दिया जाएगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: उच्च आय वाले करदाताओं के ऊपर आयकर में वृद्धि 2018 के अंत में समाप्त हो जाएगी।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 55 बच्चों को फलने-फूलने में मदद करता है! प्रस्ताव 55 $4 बिलियन की राशि को California के पब्लिक स्कूलों के हिस्से से काटे जाने से रोकता है, और कठोर जवाबदेही आवश्यकताओं के साथ अमीर California वासियों के ऊपर मौजूदा कर की दरों को कायम रखते हुए स्वास्थ्य सेवा तक बच्चों की पहुंच बढ़ाता है। हमने पिछली मंदी के दौरान जिस गहन कटौती का सामना किया था उसे हम फिर से नहीं अपना सकते। *www.YesOn55.com*

**विपक्ष** प्रस्ताव 55 पर ना में मतदान करें—अस्थायी का अर्थ अस्थायी होना चाहिए। 2012 में मतदाताओं ने उच्च कर का समर्थन किया था क्योंकि गवर्नर Brown ने कहा था कि यह अस्थायी है। राजकीय बजट अनुमान दर्शाते हैं कि बजट संतुलन के लिए उच्च करों की आवश्यकता नहीं है, लेकिन विशेष हित चाहते हैं कि सरकार को बड़ा करने के लिए इसमें विस्तार किया जाए। उन्हें ना कहें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Jordan Curley
Yes on 55—Californians for Budget Stability
1510 J Street, Suite 210
Sacramento, CA 95814
(916) 443-7817
info@protectingcalifornia.com
www.YesOn55.com

**विरुद्ध**
Howard Jarvis Taxpayers Association
www.hjta.org

## प्रस्ताव 56 स्वास्थ्य देखभाल, तंबाकू उपयोग की रोकथाम, अनुसंधान, एवं विधि प्रवर्तन के लिए सिगरेट कर। पहल सांविधानिक संशोधन एवं संविधि (कानून)।

### सारांश

सिगरेट कर में $2.00 प्रति पैक की वृद्धि करता है, साथ ही अन्य तंबाकू उत्पादों एवं निकोटीन युक्त इलेक्ट्रॉनिक सिगरेटों पर भी समान रूप से वृद्धि करता है। वित्तीय प्रभाव: वर्ष 2017–18 में $1 अरब से $1.4 अरब तक का अतिरिक्त निवल राज्य राजस्व, साथ में भावी वर्षों में संभावित रूप से कम राजस्व। राजस्व का उपयोग मुख्य रूप से केलिफ़ोर्निया के निम्न आय वाले निवासियों की स्वास्थ्य देखभाल पर होने वाले व्यय को बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: सिगरटों पर राज्य एक्साइज कर में $2 प्रति पैक की वृद्धि की जाएगी जिससे यह 87 सेंट से बढ़कर $2.87 हो जाएगी। अन्य तंबाकू उत्पादों पर राज्य एक्साइज कर में भी इतनी ही राशि से वृद्धि की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक सिगरटों पर भी राज्य एक्साइज कर लगाया जाएगा। इन उच्च करों से प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल कई उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, लेकिन मूल रूप से इसका इस्तेमाल निम्न आय-वर्ग के California वासियों के स्वास्थ्य सेवा विस्तार के लिए किया जाएगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: सिगरेट, अन्य तंबाकू उत्पादों और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर मौजूदा राज्य करों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### तर्क

**पक्ष** तंबाकू से जुड़े स्वास्थ्य देखभाल खर्चे California के करदाताओं पर $3.5 बिलियन सालाना दा बोझ डालते हैं, चाहे आप धूम्रपान न करते हों। प्रस्ताव 56 एक प्रयोक्ता शुल्क की तरह काम करता है जिसके तहत तंबाकू पर कर लगाकर धूम्रपान को रोकने और स्वास्थ्य सेवा में मदद के उपायों पर खर्च किया जाएगा—ताकि इसकी लागत में धूम्रपान करने वालों की अच्छी खासी हिस्सेदारी हो। अमेरिकन कैंसर सोसाइटी कैंसर एक्शन नेटवर्क ने प्रस्ताव 56 का प्रायोजन किया है ताकि बच्चों को धूम्रपान से बचाया जा सके और ज़िंदगियां बचायी जा सकें।

**विपक्ष** 56 पैसे का अनुसरण करें: इस $1.6 बिलियन की कर-वृद्धि से $1 बिलियन की राशि स्वास्थ्य बीमा कंपनियों और विशेष हित को प्राप्त होती है। प्रस्ताव 56 हमारे न्यूनतम स्कूल निधिकरण गारंटी को चकमा देते हुए प्रति साल स्कूलों के हिस्से से $600 मिलियन हड़प लेता है। केवल 13% राशि धूम्रपान करने वालों की मदद करती है या बच्चों को इसकी शुरुआत करने से रोकती है। 56 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Yes on 56—Save Lives California
1020 12th Street, Suite 303
Sacramento, CA 95814
(916) 706-2487
info@YesOn56.org
YesOn56.org

**विरुद्ध**
No on 56—Stop the Special Interest Tax Grab
925 University Ave.
Sacramento, CA 95825
(916) 409-7500
Info@NoOnProposition56.com
www.NoOnProposition56.com

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 57
**आपराधिक दंड। पैरोल।**
**किशोर आपराधिक कार्यवाही एवं दंड।**
**पहल सांविधानिक संशोधन एवं संविधि (कानून)।**

### सारांश

अहिंसक अपराधियों के लिए पैरोल पर विचार किए जाने की अनुमति देता है। पुनर्वास, अच्छे व्यवहार और शिक्षा के लिए दंड समय कटौती (सेंटेंस क्रेडिट) प्राधिकृत करता है। किशोर न्यायालय के न्यायाधीश को यह निर्णय लेने का अधिकार देता है कि किशोर/किशोरी पर वयस्क के रूप में अभियोजन चलाया जाएगा या नहीं। वित्तीय प्रभाव: राज्य की निवल बचत दसियों मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष रहने की संभावना है, जो कार्यान्वयन पर निर्भर करेगी। काउंटी की निवल लागत कुछ मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष रहने की संभावना है।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: राज्य के जेलों के कुछ कैदी जो अहिंसक बड़े अपराधों के आरोपी हैं, उन्हें अन्यथा समय से पहले छोड़ने पर विचार किया जा सकता है। राज्य जेल व्यवस्था अच्छे व्यवहार तथा मंजूर किए पुनर्वास वाले या शैक्षणिक उपलब्धियों वाले कैदियों को अतिरिक्त सज़ा क्रेडिट दे सकती है। युवाओं के मामले वयस्क अदालत में स्थानांतरित करने से पहले उनकी सुनवाई किशोर में ज़रूर की जानी चाहिए।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: कैदी रिलीज प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। राज्य की जेल व्यवस्था कैदियों को अतिरिक्त दंड का प्रावधान नहीं करेगी। कुछ युवाओं पर, किशोरों के लिए अदालत में सुनवाई किए बिना वयस्क अदालत में मुकदमा चलाना जारी रखा जा सकता है।

### तर्क

**पक्ष** California के सार्वजनिक सुरक्षा लीडर और अपराधों के शिकार लोग प्रस्ताव 57—पब्लिक सेफ्टी एन्ड रिहैबिलिटेशन एक्ट 2016—का समर्थन करते हैं, क्योंकि प्रस्ताव 57 खतरनाक अपराधियों को सलाखों के पीछे रखने को प्रतिबद्ध है, और साथ ही किशोर और वयस्क कैदियों का पुनर्वास कर करदाताओं के करोड़ों डॉलर की बचत करता है। प्रस्ताव 57 पर हां कहें।

**विपक्ष** प्रस्ताव 57 पर नहीं में वोट डालें क्योंकि यह:
- अधिकृत करता है हिंसक अपराधियों की समय से पहले छोड़ने के लिए जिनमें अचेत पीड़िता के साथ बलात्कार करने वाले अपराधी शामिल हैं।
- अधिकृत करता है तत्काल 16,000 खतरनाक अपराधियों को छोड़ने के लिए, जिनमें हत्या के अपराधी भी शामिल हैं।
- संशोधन करता है California के संविधान में; पीड़ितों से अधिकार छीनता है; अपराधियों को अधिक अधिकार देता है। प्रस्ताव 57 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
James Harrison
Remcho, Johansen and Purcell, LLP
1901 Harrison Street, Suite 1550
Oakland, CA 94612
(510) 346-6200
Info@SafetyandRehabilitation.com
www.Vote4Prop57.com

**विरुद्ध**
William Kolkey
Stop Early Release of Violent Criminals Committee
FPPC#1386627
No on 57 Committee
921 11th Street, #300
Sacramento, CA 95814
(916) 409-7401
will@StopEarlyRelease.com
www.StopEarlyRelease.com

## प्रस्ताव 58
**अंग्रेज़ी प्रवीणता। बहुभाषाई शिक्षा।**
**पहल संविधि (कानून)।**

### सारांश

इस आवश्यकता को परिरक्षित करता है कि सार्वजनिक विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी अंग्रेज़ी भाषा में प्रवीणता प्राप्त करें। विद्यालय डिस्ट्रिक्टों के लिए भाषा अर्जन कार्यक्रमों के विकास में अभिभावकों/समुदाय के विचार/योगदान मांगना आवश्यक करता है। अंग्रेज़ी का अर्जन यथा संभव शीघ्रता एवं प्रभावी ढंग से किया जाना सुनिश्चित करने का निर्देश आवश्यक करता है। विद्यालय डिस्ट्रिक्टों को जन्मज और गैर-जन्मज, दोनों प्रकार के अंग्रेज़ी भाषियों के लिए द्विभाषी निमज्जन कार्यक्रम स्थापित करने के लिए प्राधिकृत करता है। वित्तीय प्रभाव: विद्यालय डिस्ट्रिक्टों या राज्य सरकार पर कोई उल्लेखनीय वित्तीय प्रभाव नहीं।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: पब्लिक स्कूल अधिक आसानी से यह तय कर पाएंगे कि इंगलिश सीखने वालों को कैसे सिखाया जाना चाहिए, केवल इंगलिश में, द्विभाषी पद्धति से या किसी अन्य प्रकार के प्रोग्राम के जरिए।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: स्कूलों से अभी भी अपेक्षित होगा कि वे अधिकतर अंग्रेज़ी सीखने वाले विद्यार्थियों को केवल-अंग्रेज़ी कार्यक्रमों में पढ़ाएं।

### तर्क

**पक्ष** शिक्षक, माता-पिता, स्कूल के प्रिंसिपल, स्थानीय स्कूल बोर्ड के सदस्य और गवर्नर Jerry Brown प्रस्ताव 58 का समर्थन करते हैं, ताकि जितना संभव हो सके तेज़ी से अंग्रेजी दक्षता पाने में छात्रों की मदद की जा सके तथा अंग्रेजी भाषियों को एक द्वितीय भाषा पर महारथ हासिल करने का अवसर मिले। प्रस्ताव 58 स्कूल डिस्ट्रिक्टों को अपने छात्रों के लिए शिक्षण का सबसे प्रभावी तरीका चुनने का नियंत्रण देता है।

**विपक्ष** प्रस्ताव 58 अंग्रेजी सिखाने के हमारे तरीकों के आधुनिकीकरण के बारे में नहीं है। यह उनके बच्चों के लिए अंग्रेज़ी-भाषा के मौजूदा अभिभावकीय अधिकारों को हटाने के बारे में है। अंग्रेजी-भाषा की सफलता शानदार रही है। प्रवासी बच्चे पहले कभी भी की तुलना में अंग्रेज़ी को तेजी से सीख रहे हैं और हमारे विश्वविद्यालयों में रिकॉर्ड संख्या में प्रवासी छात्र दाखिला पा रहे हैं।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Lisa Gasperoni
Yes on 58—Californians for English Proficiency sponsored by the California State Council of Service Employees
1510 J Street, Suite 210
Sacramento, CA 95814
(916) 668-9103
info@SupportProp58.com
www.SupportProp58.com

**विरुद्ध**
www.KeepEnglish.org

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 59 कॉरपोरेशन। राजनीतिक व्यय। संघीय सांविधानिक संरक्षण। विधायी सलाहकार प्रश्न।

### सारांश

यह पूछता है कि केलिफ़ोर्निया के निर्वाचित अधिकारियों को संघीय संविधान में *Citizens United v. Federal Election Commission* में संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को पलटने वाले संशोधन का प्रस्ताव करने एवं उसकी संपुष्टि करने के लिए अपने प्राधिकार का उपयोग करना चाहिए या नहीं। *Citizens United* ने यह निर्णय दिया था कि कॉरपोरेशनों और संघों द्वारा किए जाने वाले राजनीतिक व्यय पर कुछ सीमाएं अधिरोपित करने वाले कानून असंवैधानिक हैं। वित्तीय प्रभाव: राज्य या स्थानीय सरकार पर कोई प्रत्यक्ष वित्तीय प्रभाव नहीं।

क्या कैलिफोर्निया के निर्वाचित पदाधिकारी अपने समस्त संवैधानिक अधिकार का उपयोग करेंगे जिसमें अमेरिकी संविधान में एक या अधिक ऐसे संशोधनों का प्रस्ताव देना व उनकी अभिपुष्टि करना शामिल है परंतु इसी तक सीमित नहीं है ताकि Citizens United v. Federal Election Commission (2010) 558 U.S. 310 व अन्य लागू न्यायिक पूर्व निर्णयों को पलटा जा सके, ताकि चुनावी अभियानों के अंशदान व व्यय को पूरी तरह विनियमित या सीमित किया जा सके ताकि यह सुनिश्चित हो कि सभी नागरिक, चाहे उनके पास कितना भी धन हो, एक-दूसरे के सामने अपने विचार व्यक्त कर सकें और यह स्पष्ट हो कि कॉरपोरेशन के पास व्यक्तियों के समान संवैधानिक अधिकार नहीं होने चाहिए?

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: मतदाता अपने चुने गए अधिकारियों से उनके संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए कैम्पेन पर होने वाले खर्चे और चंदा संबंधी नियम में बदलाव करने को कहेंगे। सलाहकारी उपाय के रूप में, प्रस्ताव 59 में कांग्रेस या California विधानमंडल द्वारा किसी विशेष कार्रवाई का प्रावधान नहीं किया गया है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: मतदाता अपने चुने गए अधिकारियों से कैम्पेन पर होने वाले खर्चे और चंदा संबंधी नियमों में बदलाव करने को नहीं कहेंगे।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 59 पर हां में मतदान करके कांग्रेस से कहें कि हमें राजनीति से बड़ा धन बाहर निकालना है और सुप्रीम कोर्ट के भ्रमित वाले फैसले को पलटना है जो कहता है कि चुनाव पर असीमित खर्च बोलने की आजादी है और कॉरपोरेशनों के भी वही संवैधनिक अधिकार हैं जो किसी व्यक्ति के हैं। कांग्रेस को एक संदेश दें कि हम उन्हें उत्तरदायी बनाएंगे।

**विपक्ष** मतपत्र पर कुछ नहीं करने वाला विधेयक डालकर विधानमंडल को करदाताओं के डॉलर बरबाद करने से बचना चाहिए जो कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को उलट देने को कहता है। कुछ भी न करने वाले मतपत्र विधेयक पर समय और धन बरबाद करने की बजाए Sacramento के राजनेताओं को अपना ध्यान पारदर्शिता लाने और California के लोगों के लिए रोजगार बढ़ाने पर केंद्रित करना चाहिए। प्रस्ताव 59 कुछ नहीं करता है। नहीं पर मतदान करें!

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Derek Cressman
California Common Cause
(323) 536-1459
vote@yesonCAProp59.com
www.yesonCAProp59.com

**विरुद्ध**

Dave Gilliard
Gilliard, Blanning & Associates
5701 Lonetree Blvd., Suite 301
Rocklin, CA 95765
(916) 626-6804
info@gbacampaigns.com

## प्रस्ताव 60 वयस्क फ़िल्में। कंडोम। स्वास्थ्य आवश्यकताएं। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

वयस्क फ़िल्मों में कार्य करने वाले कलाकारों के लिए संभोग के फ़िल्मांकन के दौरान कंडोम का उपयोग करना आवश्यक करता है। फ़िल्म निर्माताओं के लिए कलाकारों के टीकाकरण, परीक्षणों एवं चिकित्सा जांच हेतु भुगतान करना आवश्यक करता है। फ़िल्म निर्माताओं के लिए फ़िल्म स्थलों पर कंडोम की आवश्यकता चस्पा करना आवश्यक करता है। वित्तीय प्रभाव: राज्य एवं स्थानीय कर राजस्व में कई मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष की कमी की संभावना। विनियमन पर राज्य व्यय में वृद्धि जो $1 मिलियन प्रतिवर्ष से अधिक हो सकती है, नए शुल्कों द्वारा आंशिक रूप से निष्प्रभावित।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: California के वयस्क फिल्म निर्माण पर कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा की अतिरिक्त आवश्यकताएं भी होंगी और उन आवश्यताओं को लागू कराने के अतिरिक्त तरीके भी होंगे।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: California में एडल्ट फिल्म निर्माण वर्तमान राज्य और स्थानीय कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं के आधीन बना रहेगा, जिनमें वे नियम भी शामिल हैं जो वयस्क फिल्म निर्माण में कंडोम के इस्तेमाल की ज़रूरत रखने वाला माना जाता है।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 60 पर हां में मतदान करने से वयस्क फिल्म पोर्नोग्राफर्स पर अपने फिल्म कर्मियों को जानलेवा बीमारियों की गर्त में धकेलने से रोक लगेगी जिसकी वजह से करदाताओं पर लाखों डॉलर का बोझ पड़ता है। प्रस्ताव 60 California के स्वास्थ्य अधिकारियों को नए प्रवर्तन साधनों से लैस करता है जिससे पोर्नोग्राफर्स अंततः उसी कार्यस्थल सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे जो California के अन्य उद्योगों पर लागू होते हैं।

**विपक्ष** प्रस्ताव 60 किसी भी California वासी को उन वयस्क फिल्म में काम करने वालों पर मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है जो वयस्क सामग्रियों का निर्माण या वितरण करते हैं, लोगों की निजता का उल्लंघन करते हैं और कार्यस्थल सुरक्षा को कमजोर बनाते हैं। एक एकल विशेष हित समूह ने प्रस्ताव 60 की खामियों को ढकने के लिए करोड़ों डॉलर खर्च किए हैं। कामगारों, स्वास्थ्य सेवाकर्मियों, नागरिक अधिकार संगठनों, California डेमोक्रेटिक पार्टी और California रिपब्लिकन पार्टी के साथ जुड़ें, प्रस्ताव 60 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**

Rick Taylor
Yes on Prop. 60, For Adult Industry Responsibility (FAIR)
22815 Ventura Blvd., #405
Los Angeles, CA 91364
(310) 815-8444
rick@dakcomm.com
www.FAIR4CA.org

**विरुद्ध**

Eric Paul Leue
Californians Against Worker Harassment
PO Box 10480
Canoga Park, CA 91309
(818) 650-1973
press@freespeechcoalition.com
www.DontHarassCA.com

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 61 — राज्य प्रेस्क्रिप्शन दवा खरीद। मूल्य-निर्धारण मानक। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

राज्य के लिए किसी भी दवा निर्माता से कोई भी प्रेस्क्रिप्शन दवा, संयुक्त राज्य अमेरिका वृद्ध सैनिक मामले विभाग (यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ़ वेटरंस अफ़ेयर्स) द्वारा उस दवा के लिए चुकाई जाने वाली सबसे कम कीमत से अधिक कीमत पर खरीदना निषिद्ध करता है। Medi-Cal के माध्यम से वित्तपोषित प्रबंधित देखभाल कार्यक्रम इससे बाहर हैं। वित्तीय प्रभाव: राज्य द्वारा एक अज्ञात राशि की बचत की संभावना जो इन बातों पर निर्भर करेगी कि (1) उपाय के कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों को किस प्रकार संभाला जाता है और (2) इस प्रावधान तथा उनकी दवाओं के मूल्य-निर्धारण के संबंध में दवा निर्माताओं की प्रतिक्रियाएं क्या हैं।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: सामान्यतः राज्य की एजेंसियों पर किसी भी दवा के लिए उसी दवा पर यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स द्वारा अदा की गई कीमतों से अधिक का भुगतान करने की मनाही होगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स द्वारा अदा की गई कीमतों के उल्लेख के बिना राज्य की एजेंसियां प्रेस्क्रिप्शन दवाओं की कीमत पर मोलतोल करना और उसके लिए भुगतान करना जारी रखेंगी।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 61, California ड्रग प्राइस रिलीफ एक्ट के तहत California सरकार द्वारा खरीदी गई सभी प्रेस्क्रिप्शन दवाओं के लिए जरूरी होगा कि उनकी कीमत उन्हीं दवाओं के लिए यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ वेटरंस अफेयर्स द्वारा अदा की गई कीमतों के बराबर या उससे कम हों, जो कि किसी भी संघीय एजेंसी द्वारा तय की गई न्यूनतम कीमत होती है।

**विपक्ष** विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्ताव 61 से: प्रेस्क्रिप्शन कीमतों में इजाफा होगा, जरूरी दवाओं तक रोगियों की पहुंच कम होगी, नौकरशाही और मुकदमेबाजी को बढ़ावा मिलेगा जिससे करादातायों पर करोड़ों का बोझ पड़ेगा और वेटरंस का उनकी प्रेस्क्रिप्शन लागत बढ़ने से नुकसान होगा। California मेडिकल एसोसिएशन, California NAACP, California टैक्सपेयर्स एसोसिएशन, ओवरियन कैंसर कोलिशन ऑफ ग्रेटर California, विदेशों में लड़े गए युद्धों के सैनिकों (VFW), डिपार्टमेंट ऑफ California द्वारा जोरदार विरोध किया गया। www.NoProp61.com

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Aref Aziz
Yes on Prop. 61, Californians for Lower Drug Prices
22815 Ventura Blvd., #405
Los Angeles, CA 91364
(323) 601-8139
Yes@StopPharmaGreed.com
www.StopPharmaGreed.com

**विरुद्ध**
No on Prop. 61—Californians Against the Deceptive Rx Proposition
(888) 279-8108
info@noprop61.com
www.NoProp61.com

## प्रस्ताव 62 — मृत्यु दंड। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

मृत्यु दंड निरस्त करता है और उसके स्थान पर पैरोल की संभावना से विहीन आजीवन कारावास लागू करता है। पूर्वव्यापी रूप से मौजूदा मृत्यु दंडों पर लागू होता है। आजीवन बंदी के वेतन के अंश को बढ़ता है जो पीड़ित क्षतिपूर्ति पर लागू किया जा सकता है। वित्तीय प्रभाव: कुछ ही वर्षों के अंदर राज्य एवं काउंटी आपराधिक न्याय लागतों में लगभग $150 मिलियन प्रतिवर्ष की निवल जारी कटौती, हालांकि इस प्रभाव में दसियों मिलियन डॉलर की घट-बढ़ हो सकती है जो कई कारकों पर निर्भर करती है।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: पहली डिग्री की हत्या के लिए राज्य द्वारा किसी भी अपराधी को मृत्यु दंड नहीं सुनाया जा सकता। सर्वाधिक गंभीर उपलब्ध सजा उम्रकैद की होगी जिसमें पैरोल की कोई गुंजाइश नहीं होगी। मौत की सजा पा चुके अपराधियों को दोबारा पेरोल की संभावना के बगैर उम्रकैद की सजा सुनाई जाएगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: पहली डिग्री की हत्या के अपराध के लिए दोषी सिद्ध हो चुके कुछ अपराधियों को मौत की ही सजा मिल सकती है। मृत्यु दंड के तहत रखे गए अपराधियों के लिए कानून में कोई बदलाव नहीं होगा।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 62 विफल मृत्यु दंड व्यवस्था को हटाकर उसकी जगह पर एक कठोर आजीवन कारावास का प्रावधान करता है जिसमें पैरोल की गुंजाइश नहीं होगी। मृत्यु दंड पाने की बजाए कैदियों को काम करना होगा और उनके पीड़ितों को मुआवजा देना होगा। इस बात की गारंटी होगी कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को सजा न मिले। करदाता के $150 मिलियन/सालाना बचेंगे। पीड़ित के परिवार जन और पूर्व के मृत्यु दंड समर्थक: 62 पर हाँ।

**विपक्ष** प्रस्ताव 62 नृशंस हत्यारों, जनसंहार करने वाले हत्यारों, सीरियल किलर्स और बलात्कार/उत्पीड़न कर हत्या करने वालों के लिए मृत्यु दंड का प्रावधान हटाने की बात करता है। प्रस्ताव 62 का अर्थ है कि ये हत्यारे उनके पीड़ित शिकारों की चले जाने के बहुत बाद तक करदाताओं के पैसे से अपना बाकी जीवन जीते रहेंगे और उन्हें साथ में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा भी मिलती रहेगी। कानून प्रवर्तन अभिकरण, मृतकों के परिवार और DAs प्रस्ताव 62 का विरोध करते हैं।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Quintin Mecke
Yes on Prop. 62, Replace the Costly, Failed Death Penalty System
5 Third Street, Suite 724
San Francisco, CA 94103
(415) 243-0143
info@justicethatworks.org
www.YesOn62.com

**विरुद्ध**
Mike Ramos
Californians for Death Penalty Reform and Savings
520 Capitol Mall, Ste. 630
Sacramento, CA 95814
(800) 372-6417
info@noprop62yesprop66.com
www.noprop62yesprop66.com

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 63 बंदूकें। गोला-बारूद की बिक्री। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

गोला-बारूद खरीदने के लिए पृष्ठभूमि जांच एवं न्याय विभाग से प्राधिकरण आवश्यक करता है। बड़ी क्षमता वाली कारतूस मैगज़ीन रखना निषिद्ध करता है। निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा बंदूकें रखना निषिद्ध करने वाले कानूनों के प्रवर्तन की कार्यविधियां स्थापित करता है। संघीय राष्ट्रीय तत्काल आपराधिक पृष्ठभूमि जांच प्रणाली (नेशनल इंस्टेंट क्रिमिनल बैकग्राउंड चेक सिस्टम) में न्याय विभाग की सहभागिता आवश्यक करता है। वित्तीय प्रभाव: निषिद्ध व्यक्तियों से, उनकी दोष सिद्धि के बाद, बंदूकें ले लिए जाने की एक नई न्यायालयी प्रक्रिया के संबंध में राज्य व स्थानीय न्यायालय तथा विधि प्रवर्तन की लागतों में, संभावित रूप से दसियों मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष की वृद्धि।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: कुछ अपराधों के संदर्भ में व्यक्ति से आग्नेयअस्त्र ले लेने के लिए एक नई अदालती प्रक्रिया बनाई जाएगी। गोली-बारूद की बिक्री या खरीद संबंधी कोई नया नियम नहीं लागू होगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: आग्नेय अस्त्र या गोली-बारूद संबंधी कोई नया नियम लागू नहीं किया जाएगा।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 63 बंदूकों और गोली-बारूद को गलत हाथों में जाने से रोक कर सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करता है। कानून प्रवर्तन करने वालों और सार्वजनिक सुरक्षा लीडर प्रस्ताव 63 का समर्थन करते हैं क्योंकि इससे हिंसक अपराधियों, घरेलू उत्पीड़कों, और खतरनाक मानसिक रोगियों को जानलेवा हथियारों और गोली-बारूद हासिल करने और इस्तेमाल करने पर रोक लगाकर बंदूकी हिंसा में कमी लाई जा सकेगी।

**विपक्ष** कानून प्रवर्तन, आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञों और नागरिक स्वतंत्रता समूहों ने प्रस्ताव 63 का जोरदार विरोध किया है। इसे ख्याति पाने को लालायित एक राजनेता ने, न कि सार्वजनिक सुरक्षा समुदाय ने तैयार किया था। इससे कानून प्रवर्तन करने वालों और करदाताओं के ऊपर खर्चीला बोझ पड़ता है और इससे केवल कानून का पालन करने वाले प्रभावित होते हैं।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Lindsey Cobia
Safety for All
268 Bush Street #222
San Francisco, CA 94104
(415) 735-5192
safetyforall@safetyforall.com
www.safetyforall.com

**विरुद्ध**
Coalition for Civil Liberties
info@coalitionforcivilliberties.com
www.stoptheammograb.com

## प्रस्ताव 64 मारिजुआना (चरस /भांग/गांजा) का विनियमन। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

राज्य कानून के अंतर्गत 21 वर्ष या अधिक आयु वाले वयस्कों द्वारा मारिजुआना के उपयोग को कानूनी रूप देता है। बिक्री व कृषि पर राज्य कर अधिरोपित करता है। उद्योगों को लाइसेंस देने के प्रावधान करता है और मारिजुआना उत्पादों के लिए मानक स्थापित करता है। स्थानीय विनियमन और कराधान की अनुमति देता है। वित्तीय प्रभाव: कई सौ मिलियन डॉलर से लेकर $1 अरब डॉलर प्रतिवर्ष से अधिक का अतिरिक्त कर राजस्व, जिसका अधिकांश भाग विशिष्ट प्रयोजनों के लिए समर्पित है। आपराधिक न्याय लागत में प्रतिवर्ष दसियों मिलियन डॉलर की कमी।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: गैर औषधीय उद्देश्य से 21 साल या उससे अधिक उम्र के वयस्क के लिए मारिजुआना उगाना, उसे रखना और उसका इस्तेमाल करना कुछ प्रतिबंधों के साथ कानूनी रूप से वैध हो सकता है। गैर औषधीय मारिजुआना व्यापार पर राज्य का नियंत्रण होगा और औषधीय एवं गैर-औषधीय उद्देश्यों से चरस उगाने और बेचने पर कर लगेगा। ऐसे करों से एकत्र होने वाले राजस्व का ज्यादातर हिस्सा युवा कार्यक्रमों का समर्थन, पर्यावरण सुरक्षा और कानून के प्रवर्तन पर खर्च किया जाएगा।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: गैर औषधीय उद्देश्य से मारिजुआना उगाना, उसे रखना या उसका इस्तेमाल करना गैरकानूनी बना रहेगा। औषधीय उद्देश्य से मारिजुआना उगाना, उसे रखना या इस्तेमाल करना कानून सम्मत होगा।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 64 वयस्कों के लिए मारिजुआना के सुरक्षित और वैध व्यवस्था करता है। यह मारिजुआना के उपयोग को नियंत्रित, विनियमित करता है और उस पर कर लगाता है तथा बच्चों को इससे बचाने के लिए इसके ऊपर देश का सबसे कठोर प्रतिबंध लगाता है। यह स्कूल-बाद के कार्यक्रमों, कार्य प्रशिक्षण, ड्रग उपचार और खतरनाक ड्राइविंग को रोकने के लिए अरबों की धनराशि उपलब्ध कराता है। मारिजुआना के प्रति हमारा तौर-तरीका सुधारें। YesOn64.org पर जाएं!

**विपक्ष** प्रस्ताव 64 सोद्देश्य रूप से DUI मानक को निरस्त करता है ताकि मारिजुआना से कमज़ोर हुए ड्राइवरों को हमारे राजमार्गों से दूर रखा जाए। California एसोसिएशन ऑफ हाइवे पेट्रोलमैन तथा सीनेटर Dianne Feinstein जोरदार विरोध करते हैं। प्रस्ताव ऐसे विज्ञापनों को वैध मानता है जो मारिजुआना, गमी कैंडी और ब्राउनीज पीने के विज्ञापनों को प्रोत्साहित करता है जो करोड़ों बच्चों और किशोरों द्वारा देखे जाने वाले कार्यक्रमों में आते हैं। बाल स्वास्थ्य और सुरक्षा की कोई परवाह नहीं करता है। California हॉस्पिटल एसोसिएशन के द्वारा विरोध किया गया। "नहीं" पर मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Dustin Moore
Yes on 64, Californians to Control, Regulate and Tax Adult Use of Marijuana While Protecting Children
1029 H St., Suite 301
Sacramento, CA 95814
(916) 382-2952
info@yeson64.org
www.yeson64.org

**विरुद्ध**
Tim Rosales
No on 64
2150 River Plaza Drive #150
Sacramento, CA 95833
(916) 473-8866
info@NoOn64.net
www.NoOn64.net

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

## प्रस्ताव 65 कैरीआउट बैग। प्रभार। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

कैरीआउट बैग की अनिवार्य बिक्री के माध्यम से किराना एवं कुछ अन्य फुटकर दुकानों द्वारा एकत्र धन को पुन:प्रेषित करता है। दुकानों के लिए, बैग बिक्री से प्राप्त आय को निर्दिष्ट पर्यावरणीय परियोजनाओं को समर्थन देने वाले एक विशेष कोष में जमा करना आवश्यक करता है। वित्तीय प्रभाव: कुछ परिस्थितियों के अंतर्गत दसियों मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष का संभावित राज्य राजस्व, धन का उपयोग कुछ पर्यावरणीय कार्यक्रमों के समर्थन के लिए किया जाएगा।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: यदि राज्य कानून (1) ग्राहकों को मुफ्त में कैरीआउट बैग देने पर रोक लगाता है और (2) अन्य प्रकार के कैरीआउट बैगों के लिए शुल्क लगाने की आवश्यता पड़ती है, तो इस प्रकार एकत्र हुए राजस्व को किसी नई राज्य निधि में जमा किया जाएगा जिससे कुछ पर्यावरण कार्यक्रमों में सहायता की जाएगी।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: यदि राज्य कानून द्वारा कैरीआउट बैगों पर शुल्क लगाया जाने की जरूरत पड़ती है तो वह कानून इस प्रकार एकत्र हुए राजस्व को किसी भी उद्देश्य से खर्च करने का प्रावधान कर सकता है।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 65 पर हाँ— पर्यावरण की रक्षा करें। विशेष हित लॉबीस्ट द्वारा किए गए एक सौदे में विधानमंडल के लिए यह आवश्यक है कि ग्रोसरी स्टोर्स पर शुल्क लगाया जाए और कुछ बैगों पर चेकआउट बिंदुओं को शुल्क लगाया जाए। ग्रोसर्स की अमीरी में $300 मिलियन का इजाफा होगा जबकि खरीददारों की जेब पर $300 मिलियन का बोझ पड़ेगा। ग्रोसर्स के लाभ में इजाफा करने की बजाए प्रस्ताव 65 इन शुल्कों को पर्यावरण परियोजनाओं में लगाने का प्रावधान करता है।

**विपक्ष** प्रस्ताव 65 को राज्य से बाहर South Carolina और Texas की प्लास्टिक कंपनियों द्वारा प्रायोजित किया गया है। उन्हें California के पर्यावरण की कोई परवाह नहीं है, वे बस मतदाताओं को भ्रमित करना चाहते हैं और प्लास्टिक ग्रोसरी बैग को सचमुच हटाने की वास्तविक समस्या से ध्यान हटाना चाहते हैं। प्रस्ताव 65 कपटपूर्ण है और आपके वोट लायक नहीं है।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Yes on 65
2350 Kerner Blvd., Suite 250
San Rafael, CA 94901
info@SayYesOn65.com
www.SayYesOn65.com

**विरुद्ध**
Mark Murray
Californians Against Waste
921 11th Street, Ste. 420
Sacramento, CA 95814
(916) 443-5422
murray@cawrecycles.org
cawrecycles.org

## प्रस्ताव 66 मृत्यु दंड। कार्यविधियां। पहल संविधि (कानून)।

### सारांश

मृत्यु दंड मामलों में राज्य न्यायालय को मिलने वाली चुनौतियों को अभिशासित करने वाली कार्यविधियों में परिवर्तन करता है। आरंभिक याचिकाओं के लिए प्रवर न्यायालय (सुपीरियर कोर्ट) को नामित करता है एवं अनुवर्ती याचिकाएं सीमित करता है। गैर-मृत्युदंडनीय अपील लेने वाले नियुक्त अधिवक्ताओं के लिए मृत्यु दंड अपील स्वीकारना आवश्यक करता है। जेल के अधिकारियों को निष्पादन विधि/मृत्युदंड देने की विधि विकसित करने की मौजूदा विनियमन प्रक्रिया से छूट देता है। वित्तीय प्रभाव: मृत्यु दंड मामलों में दी गईं कानूनी चुनौतियों के प्रक्रमण के लिए राज्य न्यायालय लागतों पर मौजूदा प्रभाव अज्ञात । प्रतिवर्ष दसियों मिलियन डॉलर की संभावित जेल खर्च में बचत।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: मृत्यु दंड को वैध चुनौती देने की अदालती प्रक्रियाएं अलग-अलग प्रतिबंधों के तहत होंगी जैसे कि उन चुनौतियों की समय सीमा और उन चुनौतियों के लिए उपलब्ध अटॉर्नी की संख्या बढ़ाने के लिए संशोधित कानून। अरोपित कैदियों को किसी भी राजकीय जेल में रखा जा सकता है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: मृत्यु दंडों को कानून सम्मत चुनौती देने के लिए राज्य की मौजूदा अदालती प्रक्रियाओं में कोई बदलाव नहीं होगा। राज्य को केवल कुछ ही राजकीय जेलों में ही सजायाफ्ता कैदियों को रखने का अधिकार होगा।

### तर्क

**पक्ष** हमारी मृत्यु दंड व्यवस्था दशकों से किए जाने वाली अपीलों के कारण बोझिल हो गई है। प्रस्ताव 66 पारित कर हमें इसे हटाने की बजाए इसे सुधारना होगा। प्रस्ताव 66 करोड़ों की बचत कराता है, पीड़ितों के परिवारों को निकट लाता है और निर्दयी हत्यारों का न्याय करता है। प्रस्ताव 66 के तहत निर्दोष व्यक्तियों को सजा नहीं होगी। दोषियों के परिवार DAs और कानून प्रवर्तक प्रस्ताव 66 का समर्थन करते हैं।

**विपक्ष** प्रस्ताव 66 वास्तविक सुधार नहीं है। हमें इसके सभी परिणामों के बारे में पता नहीं, लेकिन हम यह जरूर जानते हैं: यह सरकारी नौकरशाही के कई स्तर जोड़ता है जिससे प्रक्रियाओं में विलंब होता है, करदाताओं पर लागत का बोझ बढ़ता है और California के ऊपर निर्दोष व्यक्ति को सजा मिलने का जोखिम बढ़ता है। प्रस्ताव 66 एक खर्चीला प्रयोग है जिससे मामले और बिगड़ेंगे।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Kermit Alexander
Californians for Death Penalty Reform and Savings
520 Capitol Mall, Ste. 630
Sacramento, CA 95814
(800) 372-6417
info@noprop62yesprop66.com
www.noprop62yesprop66.com

**विरुद्ध**
No on 66—Californians for Fair Justice
39 Drumm St.
San Francisco, CA 94111
campaign@cafairjustice.org
www.NoonCAProp66.org

# त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका

प्रस्ताव **67** **एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध। जनमत संग्रह।**

### सारांश

एक "हाँ" का मत इस संविधि को अनुमोदित करता है एवं एक "न" का मत इस संविधि को अस्वीकृत करता है, जो किराना व अन्य दुकानों के लिए ग्राहकों को एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक या कागज के कैरीआउट बैग प्रदान करना निषिद्ध करता है परंतु पुनर्चक्रित कागज के बैग एवं पुनः प्रयोग हो सकने वाले बैगों की बिक्री की अनुमति देती है। वित्तीय प्रभाव: राज्य एवं स्थानीय सरकारों पर अपेक्षाकृत रूप से छोटे वित्तीय प्रभाव, जिनमें राज्य प्रशासनिक लागत में मामूली वृद्धि तथा कचरा व अवशिष्ट प्रबंधन लगत में कमी आने से हुई संभावित, अल्प, स्थानीय सरकार की बचत शामिल है।

### आपके वोट का क्या मतलब है

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ वोट का मतलब है: अधिकतर किराने की दुकानों, सुविधा स्टोरों, दवा की बड़ी दुकानों, तथा शराब की दुकानों को एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले प्लास्टिक के कैरीआउट बैग देने पर प्रतिबंधित किया जाएगा। स्टोर्स को आमतौर पर अपने ग्राहकों को कैरीआउट बैग मुहैया करने के लिए अपने चेकआउट बिंदु पर कम से कम 10 सेंट का शुल्क लेना होगा। इस प्रकार एकत्र हुए राजस्व को स्टोर्स द्वारा किन्हीं विशेष उद्देश्यों के लिए रखा जा सकता है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं वोट का मतलब है: स्टोर एक-बार इस्तेमाल किए जाने वाले कैरीआउट बैग और अन्य बैग मुफ्त देना तब तक जारी रख सकते हैं जब तक कि कोई स्थानीय कानून ऐसे बैगों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित न करता हो।

### तर्क

**पक्ष** प्रस्ताव 67 पर हां प्लास्टिक के ग्रोसरी बैग हटाने में California के सफल प्रयासों की रक्षा करता है। प्लास्टिक बैग से वन्यजीवों का दम घुटता है, समुदाय में कचरा फैलता है, सफाई की लागत बढ़ती है, रिसाइक्लिंग मशीनें अवरुद्ध होती हैं। प्लास्टिक ग्रोसरी बैग पर रोक CALIFORNIA के 150 समुदायों में क्रियान्वित है। राज्य से बाहर की प्लास्टिक कंपनियों को California के कल्याण में बाधा डालने से रोकें। 67 पर हाँ।

**विपक्ष** मूर्ख न बनें। प्रस्ताव 67 सालाना $300 मिलियन का एक छुपा हुआ कर है जिसे अदा करने के लिए ग्राहक हर ग्रोसरी बैग पर $.10 चुकाने को बाध्य होंगे। एक भी पैनी पर्यावरण पर खर्च नहीं की जाएगी। संपूर्ण $300 मिलियन की राशि ग्रोसरी स्टोर्स के लाभ में जुड़ जाएगी। बैग टैक्स को रोकें . . . प्रस्ताव 67 पर नहीं में मतदान करें।

### अतिरिक्त जानकारी के लिए

**पक्ष में**
Mark Murray
California vs Big Plastic
921 11th Street, Ste. 420
Sacramento, CA 95814
(916) 443-5422
murray@cawrecycles.org
protectplasticbagban.org

**विरुद्ध**
No on 67
2350 Kerner Blvd., Suite 250
San Rafael, CA 94901

# इनके लिए सेक्रेट्री ऑफ स्टेट की वेबसाइट देखें:

- प्रचार में अंशदान और लॉबिंग गतिविधि पर शोध करने के लिए *cal-access.sos.ca.gov* या *powersearch.sos.ca.gov*
- इस मतदाता मार्गदर्शिका को अन्य भाषाओं में देखने के लिए *www.voterguide.sos.ca.gov*
- चुनाव के दिन अपना मतदान केंद्र ढूँढने के लिए *www.sos.ca.gov/elections/polling-place*
- डाक द्वारा मतदान मतपत्र प्राप्त करने के लिए *www.sos.ca.gov/elections/voter-registration/vote-mail*
- पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं के लिए सहायक सूचना पढ़ने के लिए *www.sos.ca.gov/elections/voting-california*
- चुनाव के दिन मतदान बंद हो जाने के बाद चुनाव नतीजों का सीधा प्रसारण देखने के लिए *http://vote.sos.ca.gov*

# ऑडियो और बड़े अक्षरों में छपी हुई मतदाता सूचना मार्गदर्शिकाएं

यह मार्गदर्शिका बिना किसी लागत के अंग्रेजी, चीनी, हिन्दी, जापानी, खमेर, कोरियाई, स्पैनिश, टेगालॉग, थाई, तथा वियतनामी में उपलब्ध है।

ऑर्डर करने के लिए:

- सैक्रेटरी ऑफ स्टेट की टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन (888) 345-2692 पर कॉल करें
- *www.sos.ca.gov* पर जाएं
- *www.voterguide.sos.ca.gov/hi/audio* से ऑडियो MP3 संस्करण डाउनलोड करें

# अपने मतदान स्थल को खोजें

मतदान स्थल काउंटी के चुनाव अधिकारियों के द्वारा स्थापित किए जाते हैं। जब आपको चुनाव के दिन से कुछ हफ्ते पहले डाक में अपनी काउंटी नमूना मतपत्र पुस्तिका प्राप्त हो, तो उसके पीछे के कवर पर अपने मतदान स्थल के पते तलाशें।

आप *www.sos.ca.gov/elections/polling-place* पर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की वेबसाइट पर जा सकते हैं या (888) 345-2692 पर टोल-फ्री मतदाता हॉटलाइन को फोन कर सकते हैं।

अपने मतदान स्थल के स्थान का पता लगाने के लिए GOVOTE (468683) पर *Vote* टेक्स्ट संदेश भी भेज सकते हैं।